# उत्तरांचल सर्विसेज हाऊसिंग एसोसिएशन, देहरादून।

ई–मेल : secyusha09@gmail.com
वेबसाइट : www.ushadoon.org
सहस्त्रधारा रोड़, देहरादून–0135–2607608

दिनांक अक्टूबर 10, 2015

---

दिनांक 10.10.2015 को सायं 05:00 बजे उषा सोसाईटी के क्लब हाऊस में आहूत उषा कार्यकारणी समिति की गोष्ठी का कार्यवृत्त :–

**<u>बैठक में उपस्थिति</u>** :–

1. अध्यक्ष – श्री सुभाष जोशी
2. उपाध्यक्ष – श्री एल0एम0 पन्त
3. सचिव – श्री एस0पी0 सुबुद्धि
4. कोषध्यक्ष – श्री सुरेन्द्र मेहरा
5. सदस्य – श्री ए0के0 राना

**<u>विशेष उपस्थिति</u>** :–

1. श्री इन्दु कुमार पाण्डे, पूर्व अध्यक्ष
2. श्री एन0 रविशंकर
3. श्री हरिश्चन्द्र जोशी
4. श्री आनन्द बर्द्धन व अन्य सदस्यगण।

कार्यकारिणी के श्री एस0के0 भगत–उपाध्यक्ष, श्री आर0के0 सुधान्शु–सदस्य एवं श्रीमती आकांक्षा सिन्हा, सदस्या कतिपय कारणों से उपस्थित नहीं हो पाये। विगत गोष्ठी में उल्लिखित विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा करते हुए कृत कार्यवाही की अध्यावधिक जानकारी अध्यक्ष द्वारा दी गयी तत्पश्चात् निम्न बिन्दुओं पर विमर्श हुआ :–

**बिन्दु संख्या 01** –विगत गोष्ठी दिनांकित 12.09.2015 में लिये गये निर्णयों की समीक्षा के अन्तर्गत अध्यक्ष द्वारा अवगत कराया गया कि पिछली गोष्ठी से अब तक लगभग 17 लाख रूपये की वसूली अनुरक्षण व अन्य मद में सदस्यों से कर ली गयी है, जिस पर समिति द्वारा सन्तोष व्यक्त किया गया और बताया गया कि अब लगभग 29 सदस्यों पर ही देनदारी शेष है और उनमें से भी बड़ी राशि वाले कम सदस्य हैं। श्री सुबुद्धि द्वारा 50 हजार से ऊपर की शेष राशि वाले सदस्यों की सूची Whats App पर डालने का निर्णय लिया गया। श्री ए0के0 राणा के द्वारा बताया गया कि उनके द्वारा सोसाइटी के दो सदस्यों श्री विपिन चौधरी एवं श्री मेहर सिंह से व्यक्तिगत रूप से बातचीत कर भुगतान हेतु अवगत कराया गया है।

श्री ए0के0 राणा, सदस्य समिति के द्वारा बताया गया कि डस्ट–बिन बनकर तैयार हैं एवं उन्हें पार्क में जल्दी ही रखवाया जायेगा, वे कुत्तों की पहुॅच से भी बाहर होंगे ताकि कूड़ा और न फैले।

**बिन्दु संख्या 02** –कूड़े के निस्तारण के सम्बन्ध में ''वेस्ट–वॉरियर'' नामक एनजीओ संस्था की एक सदस्या के द्वारा लघु प्रस्तुतिकरण दिया गया, जिसे उपस्थित लगभग 20–25 आवासियों द्वारा ध्यान से सुना गया एवं सराहा गया। कुमारी प्रियंका टोलिया को जिम्मेदारी दी गयी कि वे कालोनी के कूड़े–निस्तारण के सम्बन्ध में 'वेस्ट–वॉरियर' की प्रतिनिधि के साथ सम्पर्क कर प्रकरण में दिये गये बिन्दुओं पर अग्रिम कार्यवाही करने का कष्ट करें।

**बिन्दु संख्या 03** –सोसाइटी की आम महासभा हेतु बिन्दुओं का निर्धारण किया गया, जिन्हें नोटिस के माध्यम से सभी सदस्यों को द्वारा ई–मेल/वेबसाइट अवगत कराया जा रहा है।

–2

**बिन्दु संख्या 04** —आम महासभा की तैयारियों के सम्बन्ध में अध्यक्ष द्वारा अवगत कराया गया कि कुछ धनराशि स्टेट बैंक द्वारा दी जा रही है एवं शेष भार सोसाइटी द्वारा वहन किया जायेगा। इसके अन्तर्गत श्री संजय गुन्ज्याल को बैठने आदि की व्यवस्था हेतु अनुरोध किया जा चुका है एवं उनके द्वारा कार्यवाही भी आरम्भ की जा चुकी है।

अध्यक्ष द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि डिनर की व्यवस्था हेतु 'टाउन—टेबल' नामक केटरर से बातचीत लगभग फाइनल हो चुकी है। अन्य व्यवस्थाओं हेतु श्री आनन्द बर्द्धन व श्री अजय जोशी द्वारा भी सहयोग करने की इच्छा जताई गई। सचिव द्वारा सम्पूर्ण व्यवस्था की देखरेख की जायेगी।

**बिन्दु संख्या 05** —कालोनी में कुत्ते के काटे जाने की घटना एवं अन्य सदस्यों द्वारा उठाई गयी आपत्तियों के सम्बन्ध में सम्बन्धित को तद्नुसार नोटिस जारी करने का निर्णय लिया गया।

उपरोक्त के अतिरिक्त निम्नलिखित बिन्दुओं पर भी विचार किया गया—

1— श्री श्वेताभ सुमन प्लाट धारक संख्या—82 की माता श्रीमती गुलाब देवी के प्रार्थना पत्र दिनांकित 17.11.2010 पर विचार किया गया, जिसमें उनके द्वारा उक्त प्लाट श्री सुमन के नाम पर न होकर उनके नाम पर होना बताया गया है एवं पत्राचार उन्हीं के नाम से करने का अनुरोध किया गया।

इस पर सदस्यों द्वारा विचारोपरान्त शेयर सर्टिफिकेट में श्री सुमन का नाम होने एवं नियमानुसार उनकी माता के इसके एकल स्वामित्व सम्बन्धी शर्तों को पूर्ण न करने के कारण उनका आवेदन अस्वीकार किया गया।

2— कतिपय सदस्यों द्वारा सोसाइटी को उनके देय से अधिक राशि जमा करा दी गयी है, निर्णय लिया गया कि उनकी शेष राशि वापस कर दी जाये।

3— श्री आनन्द बर्द्धन द्वारा तत्काल रोड पर बिटुमिन कार्पेट हेतु आकलन कर सचिव को उपलब्ध कराने पर सहमति दी गयी।

अन्त में सभी सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित कर गोष्ठी समाप्त की गयी।

—हस्ता0—
**(सुभाष जोशी)**
**अध्यक्ष,**
**उषा एसोसिएशन, देहरादून।**

प्रतिलिपि—1— समस्त सदस्यगण
2— श्री रविन्द्र खण्डूजा, सी0ए0